**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2961**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**<u>पायलट प्रशिक्षण स्कूल</u>**

**†2961. कु. सुधा आरः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में सरकारी और निजी उड़ान/पायलट प्रशिक्षण स्कूलों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) देश के उक्त प्रशिक्षण स्कूलों में शुल्क संरचना और पाठ्यक्रम का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2014 के बाद बंद किए गए पायलट प्रशिक्षण स्कूलों की राज्य-वार सूची क्या है; और

(घ) वाणिज्यिक और निजी जेट विमानों के लिए सरकार और डीजीसीए द्वारा अनुमोदित विदेशी पायलट प्रशिक्षण स्कूलों और पाठ्यक्रमों की सूची क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)</u>**

(क) और (ख)**:** वर्तमान में, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित 56 स्थलों पर 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफ़टीओ) प्रचालनरत हैं। डीजीसीए द्वारा अनुमोदित राज्य द्वारा संचालित और निजी एफ़टीओ की सूची अनुलग्नक 1 के रूप में संलग्न है।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार एफ़टीओ को अनुमोदन प्रदान करता है। डीजीसीए, छात्रों द्वारा एफ़टीओ से सीपीएल प्राप्त करने के वित्तीय पहलुओं को विनियमित नहीं करता है। वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण की लागत एफ़टीओ द्वारा निर्धारित की जाती है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) और राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू) द्वारा उपलब्ध कराए गए पाठ्यक्रमों और उनकी लागत का विवरण अनुलग्नक 2 के रूप में संलग्न है।

(ग)**:** वर्ष 2014 से बंद हुए डीजीसीए अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) का विवरण निम्नानुसार है -

(i) अहमदाबाद एविएशन एंड एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अहमदाबाद, गुजरात
(ii) एचएएल रोटरी विंग अकैडमी बैंगलोर, कर्नाटक
(iii) सेंटॉर एविएशन अकैडमी लिमिटेड, उज्जैन, मध्य प्रदेश अकैडमी
(iv) सरस्वती एविएशन अकैडमी, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश

(v) मैसर्स अंबर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, पंतनगर, उत्तराखंड

(vi) ग्लोबल कनेक्ट एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, पंतनगर, उत्तराखंड

(vii) ओरिएंट फ्लाइंग स्कूल, चेन्नई, तमिलनाडु

(viii) अमृतसर एविएशन क्लब, राजासांसी, पंजाब

(ix) मद्रास फ्लाइंग क्लब, चेन्नई, तमिलनाडु

(घ): डीजीसीए किसी भी विदेशी उड़ान प्रशिक्षण संगठन या पाठ्यक्रम को आरंभिक लाइसेंस जारी करने के लिए अनुमोदन नहीं प्रदान करता है।

**अनुलग्नक 1**

**दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 2961 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | नाम | स्वामित्व का प्रकार | फ्लाइंग बेस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | बिहार फ्लाइंग इंस्टिट्यूट | राज्य सरकार | पटना हवाईअड्डा, पटना |
| 2. | गुजरात | ब्लू रे एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | मेहसाणा एयरस्ट्रिप, अहमदाबाद, गुजरात-384002 |
| 3. | गुजरात | ड्यून्स एविएशन अकैडमी | निजी | भावनगर हवाईअड्डा, भावनगर, गुजरात-364001 |
| 4. | गुजरात | गुजरात फ्लाइंग क्लब, | सोसाइटी | 1. सिविल एयरोड्रम, हरनी रोड, वडोदरा हवाईअड्डा, गुजरात।<br>2. अमरेली एयरस्ट्रिप, अमरेली, |

| क्र. सं. | राज्य | नाम | स्वामित्व का प्रकार | फ्लाइंग बेस |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गुजरात-365601 |
| 5. | गुजरात | विज़न फ़्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट | ट्रस्ट | वीएफटीआई हैंगर, अमरेली हवाईअड्डा, चीतल रोड, एमआरेली, गुजरात 365601 |
| 6. | हरियाणा | हरियाणा सिविल एविएशन इंस्टिट्यूट | राज्य सरकार | 1. सिविल एयरोड्रम, कुंजपुरा रोड, करनाल, हरियाणा।<br>2. सिविल हवाईअड्डा, हिसार, हरियाणा।<br>3. सिविल एयरोड्रोम, पिंजौर, हरियाणा |
| 7. | हरियाणा | एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 1. चौधरी बंसी लाल हवाईअड्डा, भिवानी, हरियाणा<br>2. नारनौल एयरस्ट्रिप |
| 8. | झारखंड | अलकेमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | जमशेदपुर, झारखंड |
| 9. | कर्नाटक | सरकारी उड़ान प्रशिक्षण स्कूल | राज्य सरकार | जक्कुर हवाईअड्डा, बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 10. | कर्नाटक | ओरिएंट फ़्लाइट एविएशन अकैडमी | निजी | मैसूर हवाईअड्डा, मंडकेली पोस्ट, मैसूर, कर्नाटक-571311 |
| 11. | केरल | राजीव गांधी एविएशन टेक्नोलॉजी अकैडमी | राज्य सरकार | अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, तिरुवनंतपुरम, केरल |
| 12. | मध्य प्रदेश | चाइम्स एविएशन अकैडमी, | निजी | 1. ढाना एयरस्ट्रिप, सागर, मध्य प्रदेश।<br><br>2. नीमच एयरस्ट्रिप, जयसिंगपुरा, नीमच , मध्य प्रदेश - 458441 |
| 13. | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब लिमिटेड. | सोसाइटी | 1. देवी अहिल्याबाई होलकर हवाईअड्डा, सिविल एयरोड्रम, बिजासन रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश।<br><br>2. राजा भोज हवाईअड्डा, नायरागढ़, भोपाल, मध्य प्रदेश-462030। |

| क्र. सं. | राज्य | नाम | स्वामित्व का प्रकार | फ्लाइंग बेस |
|---|---|---|---|---|
| 14. | मध्य प्रदेश | शा-शिब फ्लाइंग अकैडमी, | सोसाइटी | गुना हवाईअड्डा, मध्य प्रदेश |
| 15. | मध्य प्रदेश | जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | फ्लाई ओला एविएशन अकैडमी, टर्मिनल रोड, खजुराहो हवाईअड्डा, खजुराहो, मध्य प्रदेश |
| 16. | मध्य प्रदेश | इंडियन फलाइंग अकैडमी | निजी | खजुराहो हवाईअड्डा, खजुराहो, मध्य प्रदेश |
| 17. | महाराष्ट्र | अकैडमी ऑफ कार्वर एविएशन, | निजी | बारामती हवाईअड्डा, बारामती, महाराष्ट्र |
| 18. | महाराष्ट्र | एम्बिशन्स फ्लाइंग क्लब प्राइवेट लिमिटेड | निजी | कराड हवाईअड्डा, कराड, सतारा, महाराष्ट्र - 415124 |
| 19. | महाराष्ट्र | नागपुर फ्लाइंग क्लब | राज्य सरकार | हैंगर नं. 1, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, सोनेगांव एयरोड्रम, नागपुर, महाराष्ट्र 440005 |
| 20. | महाराष्ट्र | नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, प्राइवेट लिमिटेड, | निजी | बिरसी हवाईअड्डा, पीओपी; परसवाड़ा, गोंदिया, महाराष्ट्र |
| 21. | महाराष्ट्र | रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकैडमी प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 1. बारामती हवाईअड्डा, बारामती, पुणे, महाराष्ट्र 413133<br>2. सुक्तारा हवाईअड्डा, सिवनी, मध्य प्रदेश।<br>3. लीलाबाड़ी हवाईअड्डा, असम।<br>4. कलबुर्गी हवाअड्डा, कर्नाटक।<br>5. बेलगावी हवाईअड्डा, बेलगावी, कर्नाटक |
| 22. | महाराष्ट्र | एसवीकेएम एनएमआईएमएस अकैडमी ऑफ एविएशन, | निजी | शिरपुर एयरस्ट्रिप, धुले जिला, महाराष्ट्र - 425405 |
| 23. | महाराष्ट्र | स्काईनेक्स एयरो प्राइवेट लिमिटेड | निजी | जलगांव हवाईअड्डा, जलगांव, महाराष्ट्र 425003 |
| 24. | महाराष्ट्र | बॉम्बे फ्लाइंग क्लब, | सोसाइटी | 1. जुहू हवाईअड्डा, सांताक्रूज़ (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र।<br>2. धुले हवाईपट्टी, मुंबई, महाराष्ट्र |

| क्र. सं. | राज्य | नाम | स्वामित्व का प्रकार | फ्लाइंग बेस |
|---|---|---|---|---|
| 25. | ओडिशा | सरकारी विमानन प्रशिक्षण संस्थान | राज्य सरकार | 1. बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भुवनेश्वर, ओडिशा।<br>2. बिरसल एयरस्ट्रिप, बिरसल, ढेंकनाल, ओडिशा-759039 |
| 26. | पंजाब | पटियाला एविएशन क्लब | राज्य सरकार | 1. हैंगर-1, सिविल एयरोड्रोम, संगरूर रोड, पटियाला, पंजाब।<br><br>2. श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, अमृतसर, पंजाब। |
| 27. | राजस्थान | वनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग फ्लाइंग क्लब | सोसाइटी | वनस्थली हवाईअड्डा, टोंक जिला, राजस्थान-304022 |
| 28. | राजस्थान | अव्याना एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | किशनगढ़ हवाईअड्डा, अजमेर, राजस्थान-305802 |
| 29. | तमिलनाडु | एकवी एयर ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन | निजी | सेलम हवाईअड्डा, तमिलनाडु-636309 |
| 30. | तेलंगाना | एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग अकैडमी लिमिटेड. | | 1. जीएमआर एचआईएएल हवाईअड्डा, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, शमशाबाद, हैदराबाद, तेलंगाना<br><br>2. कलबुर्गी हवाईअड्डा, गुलबर्गा, कर्नाटक |
| 31. | तेलंगाना | फ्लाईटेक एविएशन अकैडमी, | निजी | 1. नादेरगुल हवाईअड्डा, हैदराबाद, तेलंगाना<br><br>2. नागार्जुन सागर, एयरफील्ड, गुंटूर, आंध्र प्रदेश |
| 32. | तेलंगाना | तेलंगाना स्टेट एविएशन अकैडमी, | राज्य सरकार | बेगमपेट हवाईअड्डा, हैदराबाद, तेलंगाना 500011 |
| 33. | तेलंगाना | विंग्स एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, | निजी | बेगमपेट हवाईअड्डा, हैदराबाद, तेलंगाना 500016 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | चेतक एविएशन | सोसाइटी | एमएस-10, एनएच-91, अलीगढ़ एयरस्ट्रिप, धनीपुर अलीगढ़, उत्तर प्रदेश |

| क्र. सं. | राज्य | नाम | स्वामित्व का प्रकार | फ्लाइंग बेस |
|---|---|---|---|---|
| 35. | उत्तर प्रदेश | फाल्कन एविएशन अकैडमी | निजी | 1. सिविल हवाईअड्डा, अयोध्या, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश।<br><br>2. रीवा एयरफील्ड, रीवा, मध्य प्रदेश। |
| 36. | उत्तर प्रदेश | गर्ग एविएशन्स लिमिटेड | निजी | हैंगर नं.3, सिविल एयरोड्रम, कैंट. कानपुर, उत्तर प्रदेश |
| 37. | उत्तर प्रदेश | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी | केंद्र सरकार | 1. फुर्सतगंज, रायबरेली जिला, उत्तर प्रदेश 229302।<br><br>2. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, बिरसी हवाईअड्डा, गोंदिया, महाराष्ट्र<br><br>3. कलबुर्गी हवाईअड्डा, गुलबर्गा, कर्नाटक |
| 38. | उत्तर प्रदेश | पायनियर फ्लाइंग अकैडमी प्राइवेट लिमिटेड | निजी | एमएस-10, एन-91, धनीपुर हवाईअड्डा, पोस्ट पनेठी, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश-202001 |

स्रोत: नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)

**अनुलग्नक 2**

**दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 2961 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ)**

| क्र.सं. | कार्यक्रम / पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) प्रशिक्षण | 45.00 लाख रुपए |

**राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू)**

| क्र.सं. | कार्यक्रम / पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | हवाईअड्डा प्रचालन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | 3,28,500/- रुपए |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | विमानन सेवा और हवाई कार्गो में प्रबंधन अध्ययन स्नातक | 2,50,000/- रुपए |
| 3. | बेसिक फायर फाइटर्स कोर्स | 2,95,000/- रुपए |

******